SSLC FIRST BELL CLASS 30 HINDI UNIT 5
LESSON 1 बच्चे काम पर जा रहे हैं [कविता]

FIRSTBELL CLASS VIDEO LINK	UNIT 5 LESSON 1 WS 2	SURESH K DPT OF HINDI MESHSS

एकाएक = പെട്ടന്ന്, SUDDENLY आँगन = മുറ്റം बगीचा = उद्यान GARDEN	हज़ार = 1000 हस्बमामूल = यथावत , साधारण , AS USUAL

Q1 . कवि ने इस कविता में किस समस्या की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करना चाहते है ?

ANS . बालश्रम या बाल मज़दूरी की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करना चाहते है ।

Q2 . कवि के अनुसार बालश्रम के बारे में विवरण की तरह लिखना भयानक है , तो इसे किस प्रकार लिखना चाहिए ?

ANS . कवि के अनुसार बालश्रम के बारे में प्रश्नों की तरह लिखना चाहिए ।

Q3 . तालिका की पूर्ती करें :-

पंक्तियाँ	मतलब
क्या अंतरिक्ष में गिर गई है सारी गेंदें	ऐसे बच्चे खेलने से वंचित है।
क्या दीमकों ने खा लिया है सारी रंग-बिरंगी किताबों को	
क्या किसी भूकप में ढह गई है सारे मदरसों की इमारतें	

Q4 . कविता में बचपन से जुड़े कौन-कौनसे शब्द है ?

ANS . गेंदें , रंग-बिरंगी किताबें , खिलौने , मदरसों की इमारतें , मैदान , बगीचे , घरों के आँगन आदि ।

Q5 . " ये सारी चीज़ें हस्बमामूल है " इसका मतलब क्या है ?

ANS . बच्चों के पढ़ने खेलने की सारी सुविधाएँ मौजूद है , फिर भी कुछ बच्चों को काम पर जाना पड़ता है। यह अत्यंत भयानक स्थिति है।

Q6 . कवि के अनुसार ' सबसे भयानक ' स्थिति क्या है ?

ANS . यदि कहीं बच्चों के खेलने के साधन , उनकी किताबें , पाठशालाएँ आदि नष्ट हो गए है तो स्थिति भयानक है। पर इससे भी अधिक भयानक बात यह है कि ये सारी सुविधाएँ पहले जैसी है , कुछ भी नष्ट नहीं हुई है , फिर भी कुछ बच्चे काम पर जा रहे है। यह सबसे भयानक स्थिति है।

Q7 . बालश्रम एक सामाजिक समस्या है क्यों ? / बच्चे काम पर क्यों जाते है ?

ANS . क्योंकि हमारे समाज में ऐसे कई छोटे-छोटे बच्चे है जो काम पर जाने के लिए विवश है। यह कविता बालश्रम / बालमजदूरी के बारे में बताते है। बालश्रम के सबसे प्रमुख पहला कारण है - गरीबी , गरीबी के कारण ही कुछ बच्चे काम पर जाने के लिए विवश हो जाते है। दूसरा कारण है - माता-पिता की अशिक्षा , तीसरा कारण है - शोषण , समाज के कुछ लोग कम वेतन देकर बच्चों से काम करा लेते है। हमारे समाज में कुछ लोग बालश्रम को मामूली बात समझते है।

Q8 . बचपन से वंचित कई बच्चे है। उनकी मदद करना हमारी ज़िम्मेदारी है , बालश्रम के विरुद्ध एक पोस्टर तैयार करें।

पोस्टर तैयार करने केलिए कुछ सन्देश वाक्य : -

1. बालश्रम कानूनन अपराध है।
2. बालश्रम रोकने में मदद दें।
3. पढ़ने केलिए .... हाँ , बालश्रम केलिए .... नहीं।
4. बच्चों को खेलने दें .... पढ़ने दें।
5. बालमजदूरी अभिशाप है।

नमूने पोस्टर



मुझे पढ़ना है ।

बालश्रम कानूनन अपराध है ।
मिटाओ जड़ से , बचइए भविष्य अपने देश का ।

बालश्रम रोकें

बच्चों को पढ़ने दें ………………..

खेलने और बढ़ने दें

Q9 . कविता का संदेश क्या है ?

ANS . सभी बच्चों को खेलने और पड़ने का अवसर मिलना चाहिए । यदि दुनिया में कहीं बच्चों को खेलने और पढ़ने का अवसर नहीं है तो स्थिति बड़ी भयानक है ।बालश्रम एक सामाजिक समस्या है । इसे रोकना हमारा कर्त्तव्य है ।कविता हमारा ध्यान बालश्रम के समस्याओं की ओर आकर्षित करने की एक कोशिश है ।

PREPARED BY SURESH K MES HS IRIMBILIYAM